कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.01.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब एवं युथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ भाषण, पोस्टर एवं निबंध आयोजित की गई।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस, स्वामी विवेकानन्द की जयंती का सम्मान करने वाला कार्यक्रम है जिनके विचार से शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि स्वामीजी का व्यक्तित्व संपूर्ण विश्व के युवाओं को जीवन के मूल उद्देश्यों की प्रेरणा देता है, उनके प्रेरणादायी एवं जोशिले विचार युवाओं को प्रेरित करते है।

डॉ. तोशिना तेलंग ने स्वामी विवेकानन्द का जीवन परिचय दिया। कु. तबस्सुम ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन का उद्देश्य दूसरों की निःस्वार्थ सेवा बताया। कु. युक्ति देशमुख, कु. लुबना अमान खान, कु. अनमता हसन आदि ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी लगायी गई एवं विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कु. महक परवीन - प्रथम स्थान, कु. आशा साहू तथा कु. मनीषा धृतलहरे क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहें वहीं कु. मानसी प्रसाद को सांत्वना पुरस्कार मिला।

निबंध प्रतियोगिता में कु. प्रिया राउत- प्रथम स्थान, कु. श्वेता तथा कु. मनीषा क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहें वहीं कु. शिलमन ठाकुर को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

भाषण प्रतियोगिता में कु. खोमेश्वरी- प्रथम स्थान, कु. लुबना अमान खान तथा कु. मानसी प्रसाद क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहें वहीं कु. शेब सबिना को सांत्वना पुरस्कार मिला।

कार्यक्रम का संचालन कु. सबीना एवं धन्यवाद ज्ञापन कु. महक परवीन ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
राष्ट्रीय युवा दिवस